# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–01 मई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट सम्मेलन–वेव्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वैश्विक मंच है जो कलाकारों और रचनाकारों के नये विचारों को बढावा देगा। वेव्स बाजार पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नवोन्मेषकों और रचनाकारों को प्रोत्साहित करेगी।

**सौ से अधिक देशों के आर्टिस्ट, इन्वेटर्स, इन्वेस्टर्स और पॉलिसी मेकर एक साथ, एक ही छत के नीचे एकत्र आए हैं। वेव्स ये सिर्फ एक्रोनियम नहीं, ये वाकई एक वेव है, कल्चर की, क्रिएटिविटी की, यूनिवर्सल कनेक्ट की।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वेव्स सम्मेलन में भारत की रचनात्मक ताकत वैश्विक मंच पर उजागर होगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के ऐनिमेशन और ग्राफिक डिजाइन उद्योग के लिए खुद को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

**आज भारत फिल्म प्रोडक्शन, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और म्यूजिक का ग्लोबल हब बन रहा है। लाइव कंसर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशन मॉर्किट का साइज फोर हंडरेंड एंड 30 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले दस सालों में यह डबल हो सकता है।**

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्ज सम्मेलन नये आर्थिक अवसर सृजित करेगा। यह सम्मेलन रचनाकारों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा और नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानने का अवसर देगा।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज लखनऊ दौरे पर पहुंचे। उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के संघर्षों और प्रेरणादायक जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन किया।

उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तक आनंदीबेन पटेल के बारे में नहीं, बल्कि एक प्रेरणा का स्रोत है। यह महिलाओं के उत्थान, महिलाओं की मुक्ति और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मूल सामग्री है। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पुस्तक लिखने के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल और उनकी पुस्तक के बारे में कहा कि गुजरात के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के सबसे बड़े राज्य की राज्यपाल बनने तक की यात्रा आसान नहीं थी। यह पुस्तक बताती है कि जब कोई महिला सामाजिक बंधनों, संसाधनों की कमी और परिस्थितियों की चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो वह समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक समेत प्रदेश सरकार के कई मंत्रीगण और विशिष्ट लोग मौजूद रहे।

**********

बस्ती जिले में आज एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर समागम संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर बावन राजनीतिक दलों से बात की गई। इनमें से बयालिस दलों ने इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर देश में एक साथ चुनाव कराए जाएं तो करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। यह देश के जीडीपी की डेढ़ फीसदी है।

**********

वाराणसी जिले में नब्बे स्मार्ट क्लास और छानवे आईसीटी लैब की स्थापना होगी। इनके जरिये परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल हस्तक्षेप किया जा रहा है। प्रदेश के समग्र शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा इनकी स्थापना सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में की जा रही है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती और बलिया समेत कई जिलों में कुछ स्थानों पर आज दिन में हल्की से लेकर तेज वर्षा के साथ ओले भी पड़े। थोड़ी देर बाद बारिश थम गई और दिन में धूप निकली, हांलाकि वर्षा के कारण तेज धूप और गर्मी से राहत मिली है। बस्ती जिले में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे पति पत्नी की मौत हो गई। बलिया में हल्की बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने कल से तीन मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा, बौछारें पड़ने और तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई है।

**********

आज विश्व श्रमिक दिवस मनाया जा रहा है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कामगारों को बधाई दी है। अमरोहा, महोबा और इटावा समेत प्रदेश के कई जिलों में श्रमिक दिवस पर विविध आयोजन भी किये गये।

**********